हम पे कर दो कृपा राधा रानी,
कब से दर पे तुम्हारे खड़े है,
दान भक्ति का दो महारानी,
कब से झोली पसारे खड़े है,
हम पे कर दों कृपा राधा रानी।।

तर्ज इश्क़ में हम तुम्हे क्या।

प्यार पाने को तुमसे तुम्हारा,
हमने छोड़ दिया जग सारा,
अब तो दे दो हमें प्यार अपना,
चरणों में हम तुम्हारे पड़े है,
हम पे कर दों कृपा राधा रानी।।

चाँद सूरज सी ज्योति तुम्हारी,
जिससे रोशन है दुनिया ये सारी,
ब्रह्मा विष्णु और शिव भी तुम्हारे,
दर पे शीश झुकाए खड़े है,
हम पे कर दों कृपा राधा रानी।।

करदो भक्तो पे तुम मेहरबानी,
गाएंगे गुण तुम्हारा राधा रानी,
शारदा माँ हमारे ये नैना,
दर्शनो के लिए ही खड़े है,

हम पे कर दों कृपा राधा रानी।।

हम पे कर दो कृपा राधा रानी,
कब से दर पे तुम्हारे खड़े है,
दान भक्ति का दो महारानी,
कब से झोली पसारे खड़े है,
हम पे कर दों कृपा राधा रानी।।

Singer Pt. Surender Tiwari

Source: https://www.bharattemples.com/hum-pe-kar-do-kripa-radha-rani/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw